हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज आइकॉन

T.C. NO. MAHHIN10172

संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला | ईमेल: newsicon2021@gmail.com | मूल्य: रु. - 2/-

वर्ष: 1 | अंक: 52 | पृष्ठ: 8 | शुक्रवार 06 मई से 12 मई 2022

## उद्धव ठाकरे का महाराष्ट्र पुलिस को कानून-व्यवस्था बनाए

### रखने के लिए किसी अनुमति का इंतजार नहीं करने का निर्देश

**मुंबई:** लाउडस्पीकर विवाद के बीच महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे ने पुलिस को राज्य में कानून-व्यवस्था की स्थिति बनाए रखने के लिए किसी की अनुमति का इंतजार नहीं करने का आदेश दिया है। ठाकरे ने मौजूदा स्थिति को देखते हुए राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा के लिए मंगलवार को गृह मंत्री दिलीप वालसे पाटिल के साथ बैठक की।मुख्यमंत्री ने आदेश दिया कि पुलिस कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए हर संभव उपाय करें और



किसी के आदेश का इंतजार न करें। ठाकरे ने आगे महाराष्ट्र के पुलिस महानिदेशक रजनीश सेठ के साथ टेलीफोन पर बातचीत की। महाराष्ट्र के गृह विभाग ने बताया कि खुफिया जानकारी मिली है कि राज्य में कानून व्यवस्था की स्थिति को बिगाड़ने के लिए दूसरे राज्यों से लोग महाराष्ट्र आ सकते हैं। महाराष्ट्र के डीजीपी ने बताया कि राज्य में 15,000 से अधिक लोगों के खिलाफ निवारक कार्रवाई की गई है।शांति बनाए रखने के लिए डीजीपी रजनीश सेठ ने कहा कि आज गृह मंत्री ने कानून व्यवस्था की स्थिति के संबंध में एक समीक्षा बैठक की। महाराष्ट्र पुलिस किसी भी तरह की कानून व्यवस्था की स्थिति से निपटने में सक्षम है। राज्य में एसआरपीएफ (महाराष्ट्र राज्य रिजर्व पुलिस बल) और होमगार्ड तैनात किए गए हैं।

## गोरखपुर की बेटी की उपलब्धि पर बोले - सीएम योगी



**लखनऊ।** गोरखपुर की बेटी आदित्या यादव ने ब्राजील में इतिहास रच दिया है। 12 साल की उम्र में  डेफ ओलंपिक खेल रही आदित्या ने टीम चैंपियनशिप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाया। भारत ने पहली बार बैडमिंटन चैंपियनशिप में गोल्ड मेडल जीता है। ब्राजील डेफलिपिक्स 2021 की बैडमिंटन स्पर्धा में परचम लहराने पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारतीय टीम को हार्दिक बधाई और ढेरों शुभकामनाएं दी हैं।

गुरुवार को ट्वीट कर उन्होंने बेहतरीन प्रदर्शन करने वाली खिलाड़ी आदित्या यादव की भी जमकर सराहना की। योगी ने ट्वीट में लिखा कि गोरखपुर की बेटी आदित्या यादव ने जो अद्वितीय प्रदर्शन किया है, वह असंख्य खिलाडिों व बच्चों के था।

बैडमिंटन के ट्रायल में कुल 16 महिला खिलाड़ियों ने क्वालीफाई किया था।

इनमें आदित्य समेत चार महिला खिलाड़ियों का चयन ब्राजील ओलंपिक के लिए हुआ था।

आदित्या नवंबर में आयोजित स्टेट चैंपियनशिप की विजेता रही हैं।

अपने पूल के सभी तीन मैच जीतेः आदित्या ने अपने पूल में तीन मैच खेले और तीनों जीतने में सफल रहीं। जिसके बाद उनका चयन ब्राजील ओलिंपिक के मूकबधिर वर्ग के लिए हो गया हैं।






# एंटीलिया मामले में एनआइए का खुलासा

## प्रदीप शर्मा ने सचिन वाझे से 45 लाख लेकर कराई थी मनसुख हिरेन की हत्या







मुंबई। राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआइए) ने बांबे हाई कोर्ट में बुधवार को दाखिल अपने हलफनामे में मुंबई पुलिस के पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट प्रदीप शर्मा को मनसुख हिरेन हत्याकांड का मुख्य साजिशकर्ता बताया है। एनआइए ने प्रदीप शर्मा की जमानत अर्जी का विरोध करते हुए हलफनामे में कहा है कि पूर्व एनकाउंटर स्पेशलिस्ट पुलिस अधिकारी होने के कारण वह अपने खिलाफ सुबूतों व गवाहों से छेड़छाड़ सर सकता है। उद्योगपति मुकेश अंबानी की इमारत अंटीलिया के नजदीक विस्फोटक लदी स्कार्पियो खड़ी किए जाने के कुछ दिनों बाद ही इस वाहन के कथित मालिक मनसुख हिरेन की हत्या हो गई थी। एनआइए ने इस मामले में प्रदीप शर्मा को जून, 2021 में गिरफ्तार कर लिया था। तब से प्रदीप शर्मा न्यायिक हिरासत में है। इसी वर्ष मार्च में एनआइए अदालत द्वारा जमानत अर्जी खारिज होने के बाद उसने मुंबई उच्च न्यायालय में जमानत की अर्जी लगाई है।

## मुंबई हवाई अड्डे के दोनों रनवे 10 मई को सुबह 11 से शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे



मुंबई। महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के दोनों रनवे 10 मई को प्री-मानसून रख-रखाव और मरम्मत कार्य के लिए सुबह 11 से शाम पांच बजे तक बंद रहेंगे। इसके बाद सामान्य परिचालन फिर से शुरू हो जाएगा। सोमवार को यह जानकारी सीएसएमआइए ने दी। समाचार एजेंसी आइएएनएस के मुताबिक, दोनों रनवे, आरडब्ल्यूवाई 14/32 और 09/27, 10 मई को सुबह 11 बजे से शाम पांच बजे के बीच सभी उड़ान संचालन के लिए बंद रहेंगे। सीएसएमआइए ने सभी यात्रियों को सलाह दी है कि वे किसी भी असुविधा से बचने के लिए अपनी संबंधित एयरलाइनों के साथ 10 मई की फ्लाइट का शेड्यूल जांचने की सलाह दी है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा ना हो। मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे को दिल्ली के इंदिरा गांधी हवाई अड्डे के बाद दूसरा सबसे व्यस्त हवाई अड्डा कहा जाता है। गौरतलब है कि लाल बहादुर शास्त्री अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर गत दिनों विमान में बैठने को लेकर एक महिला और पुरुष यात्री में कहासुनी हो गई थी। दोनों के बीच तीखी नोकझोंक हुई। उसके बाद पायलट ने विमान ले जाने से इन्कार कर दिया। विमान करीब डेढ़ घंटे तक एयरपोर्ट के एप्रन पर ही खड़ा रहा। दोनों यात्रियों से माफीनामा लिखवाया गया, तब जाकर विमान ने वाराणसी से मुंबई के लिए उड़ान भरी। 24 अप्रैल की इस घटना का वीडियो वायरल हुआ। वाराणसी एयरपोर्ट से इंडिगो एयरलाइंस का विमान 6E5362 रात्रि 10 :45 बजे मुंबई के लिए उड़ान भरता है। वायरल वीडियो में पवन पाठक नामक यात्री बता रहा है कि विमान एप्रन से रनवे पर जा रहा था, उसी समय एक पुरुष यात्री ने अपनी सीट पर बैठने के लिए महिला यात्री को थोड़ा साइड होने को कहा। इस पर दोनों में नोकझोंक होने लगी। इसकी जानकारी जब पायलट को हुई तो उसने एटीसी को सूचित कर विमान को वापस एप्रन पर लाकर खड़ा कर दिया।


Know Your Past, Present & FUTURE - with "My Miracles of Numerology"



Sandhiya Mehhta

Sandhiya Mehhta is a world renowned Numerologist, Vastu expert, Spiritual Healer with activated third eye. Her knowledge, wisdom and insight has helped innumerable people.

Titled as "Indian Nostradamus" and winner of many awards worldwide, she says "MY CLIENT'S REWARDS ARE MY ONLY AWARDS"

Sandhiya Mehhta is the only successful numerologist that predicts your future and helps you mould your present with scientific remedies that are unique and developed over 25 years of research.

"No stones, signature changes and blind faith can uplift you and eliminate problems, but my system of remedy has shown tremendous results for people from every walk of life be it academics, sports, celebrities or politics"

"I will consult, inform, empower and guide you to a better present and future"

Famous for Exclusive research for the trio- 4, 7, 8 - "People born on this are such intelligent & hardworking individuals but need little help to realise their full destiny which I do through my remedies and research. It's a beautiful cocoon to butterfly journey".

Book your consultation NOW

+919819921673, +919769071673

www.yellowsoul.in / Email: contact.yellowsoul@gmail.com

Sandhiya.mehhta @sandhiyamehta

All credit cards are accepted

# जमानत के बाद सांसद नवनीत राणा का हुआ मेडिकल चेकअप

**मुंबई।** महाराष्ट्र में हनुमान चालीसा विवाद में मुंबई सत्र अदालत से सशर्त जमानत मिलने के बाद सांसद नवनीत राणा को मेडिकल चेकअप के बाद वापस भायखला जेल लाया गया। जेजे अस्पताल के हड्डी रोग विभाग की ओपीडी में नवनीत राणा के स्वास्थ्य की जांच की गई। उपचार के बाद वह शाम लगभग 5.30 बजे अस्पताल से चली गईं। इधर, जमानत मिलने के बाद भी नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को बुधवार को जेल से रिहा नहीं किया जाएगा, क्योंकि उनकी रिहाई के आदेश संबंधित मजिस्ट्रेट अदालत से समय पर प्राप्त नहीं किए जा सके। टीम वीरवार सुबह अदालत से रिहाई के आदेश प्राप्त करेगी और फिर भायखला और तलोजा जेलों में जाएगी। नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा, जो एक निर्दलीय विधायक हैं, को 23 अप्रैल को मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के घर के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने का एलान करने के बाद गिरफ्तार किया गया था। अदालत ने महाराष्ट्र की जेल में बंद अमरावती की सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा को बुधवार सशर्त जमानत दे दी। दंपती से कहा गया है कि रिहाई के बाद वे साक्ष्यों से



छेड़छाड़ नहीं करेंगे और जांच में सहयोग करेंगे। विशेष जज आरएन रोकाडे ने दोनों को 50-50 हजार रुपये का निजी मुचलका भरने का आदेश दिया है। अदालत ने दंपती को इस मामले में मीडिया से बात करने से मना करने के साथ ही कहा है कि वे इस तरह के किसी विवाद में वे फिर से शामिल नहीं होंगे। गौरतलब है कि सांसद नवनीत राणा और उनके पति विधायक रवि राणा ने मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के आवास मातोश्री के बाहर हनुमान चालीसा का पाठ करने की घोषणा की थी। राणा दंपती ने प्रधानमंत्री की प्रस्तावित

**जेल में ही गुजारनी होगी रात; राणा दंपती की कल होगी रिहाई**

मुंबई यात्रा के कारण अपना कार्यक्रम स्थगित कर दिया था, लेकिन पुलिस ने इससे पहले ही राणा दंपती को 23 अप्रैल को गिरफ्तार कर लिया। बाद में उन पर राजद्रोह की धारा भी लगाई गई थी। जमानत याचिका पर सुनवाई के दौरान राणा दंपती के वकील ने कहा था कि मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे महाराष्ट्र सरकार के प्रतिनिधि हैं।

## संजय राउत बोले

# हिंदुओं के बीच दरार पैदा करने के लिए राज ठाकरे का इस्तेमाल कर रही भाजपा

**मुंबईः** शिवसेना नेता संजय राउत ने बुधवार को कहा कि महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद के पीछे भाजपा का हाथ है, वे राज्य में हिंदुओं के बीच दरार पैदा करने के लिए राज ठाकरे का इस्तेमाल कर रहे हैं। संजय राउत ने कहा कि यह सिर्फ मस्जिदों में लाउडस्पीकर के बारे में नहीं है, महाराष्ट्र में सुबह-सुबह ह्यआरतीह्न की जाती है और लोग अक्सर लाउडस्पीकर के माध्यम से उन्हें सुनते हैं, क्योंकि वे सभी मंदिर परिसर में प्रवेश नहीं कर



सकते हैं, लेकिन आज ऐसा नहीं हो सकता, जो दुर्भाग्यपूर्ण है। सुप्रीम कोर्ट का फैसला सबके लिए समान है। अब इसका खामियाजा हमारे मंदिरों को भी भुगतना पड़ रहा है। यह हम हिंदुओं के लिए काला दिन है कि राज ठाकरे के साथ भाजपा की राजनीति के कारण लोग आरती नहीं सुन सके। औरंगाबाद पुलिस ने महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे के विरुद्ध दो समुदायों के बीच वैमनस्य पैदा करने के आरोप में आपराधिक मामला दर्ज किया है। उन्होंने एक मई को औरंगाबाद में हुई रैली में चेतावनी दी थी कि यदि चार मई से लाउडस्पीकर पर अजान की आवाज सुनाई पड़ी तो पूरे राज्य में मस्जिदों के सामने दोगुनी आवाज में हनुमान चालीसा का पाठ किया जाएगा। इधर, सांगली जिले की एक अदालत ने 14 साल पुराने मामले में राज ठाकरे के खिलाफ गैर-जमानती वारंट जारी किया है.

# लाउडस्पीकर पर अजान होने तक जारी रहेगा आंदोलनः राज ठाकरे



**मुंबईः** महाराष्ट्र में लाउडस्पीकर विवाद थमने का नाम नहीं ले रहा है। लाउडस्पीकर से अजान कराने वाली मस्जिदों के सामने लाउडस्पीकर से ही हनुमान चालीसा का पाठ कर रहे महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) के कई कार्यकताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने कहा है कि उनकी पार्टी का यह आंदोलन तब तक जारी रहेगा, जब तक लाउडस्पीकर पर अजान होती रहेगी।

उन्होंने एक मई को अपनी औरंगाबाद रैली में घोषणा की थी कि चार मई से यदि लाउडस्पीकर पर अजान की आवाज सुनाई पड़ी तो उनके कार्यकर्ता मस्जिद के सामने ही लाउडस्पीकर पर हनुमान चालीसा का पाठ करेंगे। मनसे कार्यकताओं ने बुधवार को कई स्थानों पर अपने नेता के इस आदेश का पालन भी शुरू कर दिया।

# संपादकीय



संपादक - मुर्तुजा मामाजीवाला

## पटरी पर आती अर्थव्यवस्था का सच

इन दिनों भारतीय अर्थव्यवस्था से जुड़ी दो खबरें सुर्खियों में हैं। पहली यह कि भारतीय रिजर्व बैंक ने 2021-22 की मुद्रा एवं वित्त संबंधी रिपोर्ट में कहा है कि कोरोना-काल में देश की अर्थव्यवस्था को जो नुकसान हुआ है, उसकी भरपाई में 10 साल से भी अधिक का वक्त लग सकता है। दरअसल, कोविड-19 से पहले हमारी अर्थव्यवस्था तकरीबन चार फीसदी सालाना की दर से बढ़ रही थी। इसलिए अनुमान लगाया गया है कि बीते दो वर्षों में यह कम से कम आठ फीसदी और बढ़ जाती, लेकिन ऐसा नहीं हुआ, और अब इसकी भरपाई में तकरीबन 13 साल का समय लग सकता है। दूसरी खबर एलआईसी के आईपीओ से जुड़ी है, जिसके माध्यम से सरकार तकरीबन 21 हजार करोड़ रुपये कमा सकती है। यह आईपीओ कल खुल गया और निवेशकों ने इसकी तरफ अच्छा रुझान दिखाया है। इन दोनों खबरों में कई किंतु-परंतु हैं। मगर अहम सवाल यह है कि क्या हमारी अर्थव्यवस्था 2019 के स्तर को पार कर चुकी है? आधिकारिक आंकड़े इसकी तस्दीक करते हैं, लेकिन इसमें कई पेच भी हैं। मसलन, ये आंकड़े सिर्फ संगठित क्षेत्र के हैं, जबकि हमारी अर्थव्यवस्था का एक बड़ा हिस्सा असंगठित क्षेत्र के हवाले है। फिर, संगठित क्षेत्र में भी पर्यटन, होटल, रेस्तरां जैसे ह्यकॉन्टेक्ट सर्विसह्न का हाल अब तक बुरा है। रिजर्व बैंक ने 1,500 कंपनियों का सैंपल लेकर अनुमान लगाया है कि 20-24 फीसदी की दर से यह क्षेत्र आगे बढ़ रहा है। अगर मान भी लें कि यह सैंपल शेयर बाजार में सूचीबद्ध 6,000 कंपनियों का प्रतिनिधित्व कर रहा है, पर यह नहीं कहा जा सकता कि यह देश के छह करोड़ सूक्ष्म उद्योगों का भी चेहरा है। चूंकि कोरोना-काल में मांग असंगठित क्षेत्र से छिटककर संगठित क्षेत्र के पाले में चली गई, इसलिए हमारी खुशहाली की खबर सही नहीं है। देश की आर्थिकी का पता इससे भी चलता है कि अभी हमारा ह्यकंज्यूमर कॉन्फिडेंसह्न 71.7 है, जबकि महामारी से पहले यह 104 था। यह सूचकांक अपनी अपेक्षित आर्थिक स्थिति को लेकर उपभोक्ता के आशावादी या निराशावादी होने का संकेत है।

# राजस्थान के जोधपुर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प



हिंदू नववर्ष पर राजस्थान के करौली में सांप्रदायिक हिंसा का जो सिलसिला कायम हुआ था और जो रामनवमी एवं हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर भी देश के कई हिस्सों में देखने को मिला, वह समाप्त होने का नाम नहीं ले रहा है। इसका ही प्रमाण है गत दिवस राजस्थान के जोधपुर में दो समुदायों के बीच हिंसक झड़प। इस झड़प में कई पुलिसकर्मी भी घायल हुए और शहर के कई क्षेत्रों में कर्फ्यू लगाने के साथ इंटरनेट सेवा भी निलंबित करनी पड़ी। चंद दिनों पहले ऐसा ही कुछ पटियाला में भी करना पड़ा था।जोधपुर की हिंसा इसलिए चिंताजनक है, क्योंकि पुलिस एक प्रतिमा पर अपने-अपने धार्मिक ध्वज लगाने के दो पक्षों के विवाद को दूसरे दिन भी नहीं थाम सकी और ईद, अक्षय तृतीया एवं परशुराम जन्मोत्सव के दिन उसने और अधिक उग्र रूप धारण कर लिया। इस दौरान पत्थरबाजी भी की गई और पुलिस को खास तौर पर निशाना बनाया गया।यह एक खतरनाक चलन है कि सांप्रदायिक टकराव की घटनाओं में अब पुलिस को विशेष रूप से निशाना बनाया जाने लगा है। खरगोन, दिल्ली, हुबली आदि के बाद जोधपुर में भी ऐसा हुआ। इसका मतलब है कि शांति व्यवस्था के साथ कानून एवं व्यवस्था को चुनौती देने वाले तत्वों का दुस्साहस बढ़ता जा रहा है। इस दुस्साहस का दमन किया जाना आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है। चूंकि करीब-करीब हर त्योहार पर तनाव पैदा करने का जो काम हो रहा है, वह दुर्योग कम, किसी गहरी साजिश का हिस्सा अधिक नजर आता है, इसलिए पुलिस और खुफिया एजेंसियों को कहीं अधिक सतर्क रहने की आवश्यकता है। इसलिए और भी, क्योंकि सांप्रदायिक हिंसा की घटनाओं को लेकर देश को बदनाम करने का भी अभियान छिड़ा हुआ है।

सांप्रदायिक परिवेश खराब करने वाले तत्वों के खिलाफ कठोर कार्रवाई प्राथमिकता के आधार पर की जानी चाहिए और वह भी बिना किसी भेदभाव के। केवल ऐसे तत्वों की गिरफ्तारी ही आवश्यक नहीं है। इसी के साथ यह भी सुनिश्चित किया जाए कि उन्हें यथाशीघ्र सजा भी मिले। ऐसा करके ही ऐसे तत्वों को सही संदेश दिया जा सकता है। अब यह भी देखने को मिल रहा है कि ऐसे तत्व आस्था के नाम पर सार्वजनिक स्थलों पर शक्ति प्रदर्शन करने लगे हैं।


# अगले सप्ताह मनेगी सीता नवमी, जानिये तिथि, शुभ मुहूर्त और महत्व



सीता नवमी हर साल वैशाख मास के शुक्ल पक्ष की नवमी को मनाई जाती है। धर्म ग्रंथों के अनुसार इसी दिन सीता का प्राकट्य हुआ था। इस पर्व को ह्यजानकी नवमीह्न भी कहते हैं। इस बार यह त्योहार 10 मई को मनाया जा रहा है। सीता नवमी को राम नवमी से लगभग एक माह बाद मनाते हैं। वैशाख शुक्ल नवमी तिथि को सीता जी का प्राकट्य हुआ था, इसलिए इसे जानकी जयंती या सीता नवमी कहते हैं। इस दिन माता सीता की विधिपूर्वक पूजा करते हैं। आइये जानते हैं इस पर्व का शुभ समय, पूजा विधि और इसका महत्व।पंचांग के अनुसार इस वर्ष वैशाख माह के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि की शुरूआत 9 मई, सोमवार को शाम 6 बजकर 32 मिनट पर होगी।

# लखनऊ के अमीनाबाद में मंदिर की आड़ में बने अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर, बनाया जा रहा था अवैध मार्केट

**लखनऊः** उत्तर प्रदेश के सभी अवैध निर्माण अब सरकार के टारगेट हैं। लखनऊ के विख्यात अमीनाबाद में पार्क में बने अवैध निर्माण पर गुरुवार को नगर निगम का बुलडोजर चला है। यहां के अमीनाबाद पार्क प्रांगण में प्राचीन हनुमान मंदिर की आड़ में अवैध मार्केट बनाया जा रहा था। नगर निगम जोन-वन क्षेत्र में मंदिर के आड़ में बन रहे अवैध मार्केट पर बुलडोजर चलाया गया है। मीनाबाद के घंटाघर पार्क में अवैध निर्माणों के खिलाफ नगर निगम ने गुरु वार को कार्रवाई की। चार बुलडोजर की मदद से यहां बनी अवैध दुकानों को तोड़ा गया । दुकानों को तोड़े जाने के दौरान भारी भीड़ एकत्र हो गई थी और अवैध निर्माण कराने वाले भी मौजूद थे और उन्होंने पहले विरोध किया लेकिन भारी मात्रा में पुलिस बल की मौजूदगी से वे शांत हो गए। पुलिस ने अवैध निर्माण कराने वाले अशोक पाठक के भाई व



एक अन्य को हिरासत में लेकर अमीनाबाद थाने भेज दिया। करीब चालीस दुकानों का निर्माण यहां कर लिया गया था और नगर निगम लंबे समय तक कागजी कार्रवाई ही चल रही थी, जिस कारण यहां अवैध निर्माण होता ही रहा।पार्षद सुनीता सिंघल और उनके पति विनोद कृष्ण सिंघल अवैध निर्माणों की शिकायत कर रहे थे।

अशोक पाठक ने हनुमान मंदिर की आड़ में पार्क में अवैध तरीके से मार्केट बनाई थी। यहां अमीनाबाद के पुराने हनुमान मंदिर परिसर में बुलडोजर चला कर कभी भू-माफिया घोषित अशोक पाठक के अवैध मार्केट को जमींदोज कर दिया गया है।

# जबलपुर की शराब माफिया मीना ने करोड़ों की सरकारी जमीन पर कर रखा था कब्जा

**जबलपुरः** माफिया और अपराधी तत्वों की रीढ़ तोड़ने और शासकीय भूमि से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाईयों का दौर जारी है। इसी कड़ी में गुरूवार को सिंधी कैम्प स्थित अपराधी तत्व मीना मच्छी के घर को ढहाने की कार्रवाई शुरू की। यहां मीना मच्छी का नजूल की करीब 3000 वर्गफुट जमीन पर कब्जा है। मीना मच्छी और उसके बेटे सोनू सोनकर का सिंधी कैम्प, बाबा टोला क्षेत्र में जबर्दस्त आतंक रहा है। इनके विरूद्ध क्षेत्र के लोग मुंह खोलने तक से घबराते थे। लिहाजा गुरूवार को जैसे ही लोगों को यह पता चला कि उनके यहां प्रशासन की टीम ने धावा बोला है तो लोगों की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी, पुलिस कप्तान सिद्धार्थ बहुगुणा और निगमायुक्त आशीष वशिष्ठ के निर्देशन चल रही माफिया विरोधी मुहिम के तहत मीना मच्छी के अवैध रूप से बनाए गए मकान पर कार्रवाई की गई।

अपर कलेक्टर नमः शिवाय अरजरिया के अनुसार जिस मीना मच्छी के विरूद्ध कार्रवाई को अंजाम दिया गया उसके विरूद्ध शराब तस्करी सहित 21 से अधिक अपराध लंबित हैं। इसी तरह से उसका बेटा सोनू सोनकर भी क्षेत्र का



शातिर अपराधी तत्व है। उसके खिलाफ भी लगभग 15 अपराध पंजीबद्ध हैं। सोनू सोनकर के खिलाफ जिला बदर की कार्यवाही भी की जा चुकी है।

# नीतीश और लालू पर एक साथ पीके ने साधा निशाना

पटनाः आनलाइन डेस्क। चुनावी रणनीतिकार प्रशांत किशोर ने गुरुवार को प्रेस कांफ्रेस कर बिहार के सीएम नीतीश कुमार और राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद के राज पर एक साथ सवाल खड़ा किया। कहा कि तीन दशकों से इन्हीं दोनों ने बिहार पर शासन किया।लेकिन दोनों के अच्छे काम के बावजूद इनके 30 वर्षों के शासनकाल में बिहार देश का सबसे पिछड़ा राज्य बना हुआ है। उन्होंने यह भी कहा कि उनके नीतीश कुमार जी से अच्छे संबंध हैं। लेकिन व्यक्तिगत संबंध की बात अलग है। जरूरी नहीं कि उनकी बातों या हर कार्य पर सहमति हो। दोनों बड़े नेताओं के प्रयासों के बावजूद नहीं हुआ विकास प्रेस कांफ्रेंस में पीके ने कहा कि बिहार में पिछले 30 वर्षों से लालू प्रसाद और नीतीश कुमार का ही राज है। लालू जी और उनके समर्थकों का मानना है कि उनके शासन के समय सामाजिक न्याय का काम हुआ।


# विस्फोटक के साथ गिरफ्तार आरोपितों की जांच करने रतलाम पहुंची एनआइए की टीम

**रतलाम।** राजस्थान के निंबाहेड़ा में विस्फोटक सामग्री के साथ रतलाम के आरोपितों को गिरफ्तार करने के मामले में एनआइए की टीम जांच के लिए रतलाम पहुंची है। सूत्रों के अनुसार एनआइए के अधिकारियों के साथ 20 से अधिक सदस्यों का दल रतलाम पहुंचा है इनमें राजस्थान एटीएस मध्य प्रदेश एटीएस के अधिकारी भी शामिल है। दल गिरफ्तार युवकों के अन्य साथियों के बारे में भी जानकारी जुटा रहा है और यह भी पता लगाने का प्रयास कर रहा है कि गिरफ्तार आरोपितों के तार किन आतंकियों से जुड़े है ?उल्लेखनीय है कि 30 मार्च 2022 को निंबाहेड़ा से राजस्थान पुलिस ने कार में जयपुर की तरफ जा रहा है




रतलाम के रहने वाले आरोपित सैफू उर्फ सैफुल्ला, अल्तमश और जुबेर को विस्फोटक सामग्री के साथ गिरफ्तार किया था। उनके पास 12 किलो विस्फोटक सामग्री बम बनाने संबंधी उपकरण जप्त किए गए थे। इसकी खबर फैलने के बाद रतलाम पुलिस ने इनके तीन अन्य साथियों को हिरासत में लेकर राजस्थान पुलिस और एटीएस को सौंपा था। मास्टरमाइंड आरोपित इमरान खान सहित चार अन्य आरोपियों को बाद में गिरफ्तार कर कड़ी पूछताछ की गई। आरोपितों को पुलिस रिमांड पर लेने के बाद राजस्थान और मध्य प्रदेश एटीएस की टीम रतलाम पहुंची थी और आरोपियों के ठिकानों और उनके साथियों के बारे में जांच की थी। वहीं जिला प्रशासन ने पुलिस के साथ मिलकर आरोपितों के अवैध निर्माण को भी ध्वस्त कर दिया था। सूत्रों का कहना है कि इस मामले में तीन चार अन्य आरोपितों की भी राजस्थान एटीएस और पुलिस को तलाश है।

## कविता




# कहै कबीर दीवाना-ओशो

तीसरे तरह का प्रेम है, परमात्मा की तरफ प्रेम। वह प्रेम है। क्योंकि तुम झुक जाते हो। कोई झुकनेवाला पहले से ही नहीं है। परमात्मा है थोड़े ही! होता, तो आदमी कभी भी न झुक पाता। परमात्मा नहीं होने का नाम है। परमात्मा की कोई मौजूदगी थोड़ी ही है। अगर मौजूदगी होती, तो अड़चन पड़ती। परमात्मा एक गैर-मौजूदगी है। परमात्मा उपस्थिति नहीं है, परमात्मा परम-अनुपस्थिति है--एबसोल्यूट एबसेन्स।

इसलिए तो तुम उसे खोज नहीं पाते। लाख भागो, दौड़ो, हिमालय पर जाओ, कैलाश चढ़ो, मानसरोवर में खोजो, कहीं नहीं मिलता। परमात्मा एक महान गैर-मौजूदगी है, अनुपस्थिति है।

वह ऐसे है, जैसे न हो। उसका होना, न होने जैसा है। इसका होना शून्यवत है। वह आकाश जैसा है। **जारी...**

# गाजर का जूस का सेवन सेहत के लिए है वरदान

शरीर को स्वस्थ और फिट बनाए रखने के लिए संतुलित और पौष्टिक आहार की जरूरत होती है। शरीर के लिए जरूरी तमाम पोषक तत्वों के सेवन से बीमारियां भी दूर होती हैं। लोग स्वस्थ और फिट रहने के लिए जूस का सेवन करते हैं। फलों और सब्जियों के रस में तमाम पोषक तत्व होते हैं जो सेहत के लिए बहुत फायदेमंद माने जाते हैं। आज के समय में डिटॉक्स ड्रिंक खूब चलन में है, लोग शरीर से विषाक्त पदार्थों को दूर करने के लिए इस ड्रिंक का सेवन करते हैं। नियमित रूप से रोजाना डिटॉक्स ड्रिंक का सेवन करने से शरीर में एनर्जी बनी रहती है और शरीर के भीतर मौजूद विषाक्त पदार्थ भी बाहर निकल जाते हैं। शरीर को फिट, हेल्दी और रोगमुक्त रखने के लिए आजकल एबीसी जूस का सेवन खूब किया जा रहा है। यह एक प्रकार का बॉडी डिटॉक्स ड्रिंक है जिसे तीन फल और सब्जियों को मिलकर बनाया जाता है। इंसान के शरीर से विषाक्त पदार्थों को निकालने के लिए शरीर के तीन महत्वपूर्ण अंग काम करते हैं जिसमें लिवर, किडनी और आंतें शामिल है। यह जूस शरीर के इन तीनों अंगों से विषाक्त पदार्थों को बाहर करने में उपयोगी होता है।

एबीसी जूस का सेवन सेहत के लिए रामबाण माना जाता है, आइये जानते है इसके सेवन से होने वाले फायदे और घर पर इसे तैयार करने की रेसिपी के बारे में।क्या है एबीसी डिटॉक्स जूस? एबीसी डिटॉक्स जूस या ड्रिंक सेहत के वरदान मानी जाती है। इसका सेवन मोटापे से लेकर शरीर की कमजोरी तक कई प्रकार की परेशानियों में फायदेमंद होता है। एबीसी जूस अस्त्रस्त्र'ी (सेब), (चुकंदर), (गाजर) को मिलकर बनाया जाता है। इन तीजों फलों में पर्याप्त मात्रा में पोषक तत्व मौजूद होते हैं जो सेहव के लिए काफी उपयोगी माने जाते हैं। सेहत के साथ-साथ इस जूस का सेवन स्किन के लिए भी बहुत फायदेमंद माना जाता है। स्किन से जुड़ी कई समस्याएं जैसे पिंपल्स, ब्लैकहेड्स, ब्लैक स्पॉट्स और दाग-धब्बे की समस्या को दूर करने में यह जूस बहुत लाभदायक होता है। इसके अलावा एबीसी जूस का सेवन शरीर में मौजूद विषाक्त पदार्थों को बाहर निकालकर शरीर को डिटॉक्स करने का काम करता है।



# अर्जुन कपूर संग शादी करने वाली हैं मलाइका अरोड़ा ?

बॉलीवुड अभिनेता अर्जुन कपूर और अभिनेत्री मलाइका अरोड़ा लंबे समय से अपने रिश्ते को लेकर चर्चा में हैं। दोनों एक-दूसरे को लंबे वक्त से डेट भी कर रहे हैं। अर्जुन कपूर और मलाइका अरोड़ा के फैंस उनकी शादी का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बीच मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ शादी करने को लेकर बड़ा बयान दिया है।

अभिनेत्री ने कहा है कि वह दोनों अपने रिश्तों को भविष्य के तौर पर देखते हैं। मलाइका अरोड़ा अपने लिए अर्जुन कपूर को सबसे परफेक्ट इंसान मानती हैं और वह दोनों अक्सर अपने रिश्ते को आगे के मुकाम पर पहुंचाने के बारे में चर्चा करते रहते हैं। मलाइका अरोड़ा ने हाल ही में अंग्रेजी वेबसाइट बॉम्बे टाइम्स से बातचीत की। इस दौरान उन्होंने अपनी निजी जिंदगी को लेकर ढेर सारी बातें कीं।



मलाइका अरोड़ा ने अर्जुन कपूर के साथ अपने फ्यूचर प्लान के बारे में बात करते हुए कहा, ह्यसबसे जरूरी बात यह है कि अगर हम जानते हैं कि हमारा एक साथ भविष्य चाहते हैं। यदि आप ऐसे रिश्ते में हैं जहां आप अभी भी चीजों को समझ रहे हैं और कह रहे हैं, ह्यओह, मुझे नहीं पताह्ल ... लेकिन यह वह जगह नहीं है, जहां मैं अपने रिश्ते में खड़ी हूं। यह मेरे लिए खास और जरूरी है। अभिनेत्री ने आगे कहा, ह्यमुझे लगता है कि हम अपने रिश्ते में एक ऐसी जगह पर हैं, जहां हम उसके अगले हिस्से के बारे में सोच रहे हैं। हम चीजों पर बहुत चर्चा करते हैं। हम एक ही लेवल पर हैं। एक-दूसरे की सोच और आइडिया के साथ। हम सच में एक-दूसरे को चाहते हैं। हम एक मैच्योर परिस्थिति में हैं, जहां अभी और चीजों की जगह है, लेकिन हम अपने भविष्य को एक साथ देखते और यह देखना पसंद करेंगे कि हम इसे यहां से कहां ले जा सकते हैं। मलाइका अरोड़ा ने कहा, ह्यहम इसके बारे में हंसते और मजाक करते हैं, लेकिन हम इसको लेकर बहुत गंभीर भी हैं।

# धौनी की टीम के खिलाफ मिली जीत आरसीबी के लिए सबसे खास क्यों रही

## – टीम के तेज गेंदबाज हेडलवुड ने कारण बताया

**नई दिल्ली।** आरसीबी ने आइपीएल 2022 के 49वें लीग मैच में एम एस धौनी की कप्तानी वाली सीएसके टीम को 13 रन से हरा दिया और प्लेआफ की होड़ में खुद को बनाए रखा।

इस जीत के बार आरसीबी के तेज गेंदबाज जोस हेजलवुड ने चेन्नई सुपर किंग्स पर 13 रन की जीत को अब तक इंडियन प्रीमियर लीग 2022 सीजन में सबसे महत्वपूर्ण जीत करार दिया क्योंकि इसने उन्हें प्लेऑफ की दौड़ में बनाए रखा है। इस जीत ने आरसीबी का लगातार तीन मैचों में हार का सिलसिला भी तोड़ दिया और इससे टीम अंक तालिका में चौथे स्थान पर पहुंच गई। जोस हेजलवुड



ने कहा कि ये शायद अब तक टूनार्मेंट की सबसे महत्वपूर्ण जीत है। हम एक तरह से उस स्थिति में हैं जहां हमें प्लेआफ में जगह बनाने के लिये सभी मैचों में जीत दर्ज करनी होगी, मुझे यही लगता है और इस ओर बढ़ने का ये पहला कदम था। उन्होंने कहा कि हम पिछले तीन मैचों में हार गए थे, हमें गेंदबाजी, बल्लेबाजी और क्षेत्ररक्षण पर काम करना था। हमने इन सभी पर काम किया और मौका बनाया, इसलिए यह अब तक की सबसे महत्वपूर्ण जीत रही।

आपको बता दें कि सीएसके के खिलाफ आरसीबी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 20 ओवर में 8 विकेट पर 173 रन का स्कोर खड़ा किया, लेकिन चेन्नई की टीम 20 ओवर में 8 विकेट पर 160 रन बना पाई। डेवोन कानवे ने सीएसके के लिए 56 रन की अच्छी पारी खेली, लेकिन उनकी टीम को इसका कोई फायदा नहीं हुआ। कप्तान धौनी ने 2 रन और पूर्व कप्तान जडेजा ने 3 रन की निराशाभरी पारी खेली और टीम को हार मिली। आरसीबी की गेंदबाजी काफी अच्छी रही और टीम के गेंदबाज नियमित अंतराल पर विकेट लेने में कामयाब रहे। हर्षल पटेल ने सबसे ज्यादा तीन जबकि ग्लेन मैक्सवेल ने दो सफलता अर्जित की।

# हैदराबाद के इन खिलाड़ियों पर होगी

## दिल्ली के सामने जीत दिलाने की जिम्मेदारी



**नई दिल्ली।** ब्रेबोन स्टेडियम पर जब हैदराबाद की टीम दिल्ली के सामने उतरेगी तो वो अपने पिछले मुकाबलें की कमियों को दूर कर यहां जीत दर्ज करना चाहेगी। टीम लगातार 5 मुकाबले जीतकर लगातार दो मुकाबले हार चुकी है। टीम की बल्लेबाजी और गेंदबाजी शानदार लय में है लेकिन पिछले मैच की गलतियों से सबक लेते हुए दिल्ली के खिलाफ मैच में टीम को अपनी उपयोगिता साबित करनी होगा।हैदराबाद की ओपनिंग जोड़ी- कप्तान केन विलियमसन और अभिषेक शर्मा के रूप में टीम के पास एक बेहतरीन ओपनिंह जोड़ी है। अभिषेक शर्मा तो अच्छी बल्लेबाजी कर रहे हैं लेकिन विलियमसन बड़ा स्कोर करने में नाकाम रहे हैं।

पिछले मैच की बात करें तो दोनों ने पहले विकेट के लिए 58 रन जोड़े थे। इस मैच में दोनों से टीम को मजबूत शुरूआत दिलाने की दरकार होगी क्योंकि दिल्ली की बल्लेबाजी ज्यादा प्रभावी नजर आ रही है।हैदराबाद का मध्यक्रम- टीम की ताकत मध्यक्रम रही है। यही कारण है कि ओपनिंग न चल पाने के बावजूद टीम ने अच्छा प्रदर्शन किया है।

# 33 साल बाद सुनील गावस्कर ने लौटाई महाराष्ट्र सरकार को जमीन, क्रिकेट अकादमी न बना पाने के बाद लिया निर्णय

**नई दिल्ली।** भारत के पूर्व कप्तान और महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर के ट्रस्ट ने महाराष्ट्र हाउसिंग और एरिया डेवलपमेंट अथारिटी को 21,348 स्क्वायर फीट की जमीन लौटाने की पेशकश की है। ये जमीन बांद्रा में स्थित है और 33 साल पहले इसे सुनील गावस्कर क्रिकेट फाउंडेशन ट्रस्ट को दिया गया था। ये जमीन उन्हें क्रिकेट अकादमी बनाने के लिए दी गई थी। उन्हें तीन महीने में अकादमी के लिए काम करना शुरू करना था और इसे तीन साल में पूरा करना था, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। अब जब



33 साल बाद सुनील गावस्कर ने इसे लौटाने की बात कही है।2019 में महाराष्ट्र हाउसिंग और एरिया डेवलपमेंट अथारिटी ने प्लाट के कब्जे को प्राप्त करने के लिए प्रस्ताव भेजा था। उसके बाद, गावस्कर ने एक संयुक्त उद्यम के लिए महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर की मदद ली और दोनों ने महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे से मुलाकात की।

# विराट कोहली का आइपीएल में नया रिकार्ड

## 5000 गेंद फेस करने वाले पहले बल्लेबाज बने

**नई दिल्ली:** आरसीबी के स्टार बल्लेबाज विराट कोहली का बल्ले के साथ संघर्ष लगातार जारी है और वो बड़े स्कोर तक पहुंचने से चूक जा रहे हैं। आइपीएल 2022 के 49वें मैच में सीएसके के खिलाफ विराट कोहली ने 33 गेंदों पर एक छक्का व 3 चौकों की मदद से 30 रन की पारी खेली और पहले विकेट के लिए अपने कप्तान डुप्लेसिस के साथ मिलकर 62 रन की साझेदारी करते हुए टीम को अच्छी शुरूआत दिलाई। कोहली अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर सके, लेकिन 33 गेंदों का सामना करते हुए



उन्होंने आइपीएल में एक नया रिकार्ड अपने नाम कर लिया।

सीएसके के खिलाफ विराट कोहली ने 33 गेंदों का सामना किया और इस दौरान उन्होंने आइपीएल में 5000 गेंद फेस करने का रिकार्ड भी अपने नाम पर दर्ज कर लिया। विराट कोहली के आइपीएल करियर का ये 218वां मैच था जिसमें उन्होंने ये रिकार्ड अपने नाम कर लिया। अब तक इस लीग में किसी भी बल्लेबाज ने इतने गेंद नहीं खेले हैं।

# राज ठाकरे ने शेयर किया बाला साहेब का पुराना वीडियो

## शिवसेना और मनसे में छिड़ी जंग

**मुंबई।** बाल ठाकरे की विरासत का दावा करने वाले महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे और शिवसेना के बीच वीडियो की लड़ाई छिड़ गई है। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने ट्विटर पर दिवंगत बालासाहेब ठाकरे के भाषण का एक पुराना वीडियो शेयर कर शिवसेना पर निशाना साधा है। इस वीडियो में बालासाहेब लोगों से कह रहे हैं कि लाउडस्पीकर बंद कर देना चाहिए। वीडियो में वह मराठी भाषा में बात कर रहे हैं। वे कह रहे हैं कि जिस दिन मेरी सरकार महाराष्ट्र में आएगी, उस समय रास्ते पर होने वाले नमाज को बंद करवाए बिना हम नहीं रह पाएंगे। धर्म ऐसा होना चाहिए कि वह राष्ट्रहित के सामने न आए। अगर हमारे हिंदू कुछ गलत करते हैं, तो आओ और हमें बताओ, हम उस समस्या का समाधान करेंगे, मस्जिद से लाउडस्पीकर नीचे आ जाएंगे। मनसे प्रमुख राज ठाकरे ने इससे पहले मंगलवार को सीएम उद्धव ठाकरे से सवाल किया था कि क्या आप बालासाहेब की बात सुनेंगे या शरद पवार की बात सुनेंगे, जिन्होंने आपको सत्ता की सीट पर बिठाया है? अब शिवसेना प्रमुख बालासाहेब ठाकरे के भाषण का एक पुराना वीडियो राज ठाकरे ने अपने ट्विटर पर पोस्ट किया है।



## भायखला जेल से रिहा हुईं नवनीत राणा, लीलावती अस्पताल में होगा चेकअप

**मुंबईः** महाराष्ट्र के अमरावती से सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को विशेष अदालत से बुधवार को सशर्त जमानत मिलने के बाद आज नवनीत राणा को भायखला जेल से रिहा कर दिया गया है। गौरतलब है कि हनुमान चालीसा पाठ मामले में एक कथित राजद्रोह मामले में गिरफ्तारी के लगभग दो सप्ताह बाद, महाराष्ट्र के अमरावती सांसद नवनीत राणा और उनके विधायक पति रवि राणा को बुधवार को एक विशेष अदालत से सशर्त जमानत दे दी गई थी। हालांकि, दोनों को तुरंत जेल से रिहा नहीं किया गया। इसका आदेश गुरुवार को जारी किया गया। इस बीच यह भी खबर है कि राणा दंपती के खिलाफ बृहन्मुंबई नगर निगम (बीएमसी) ने भी मोर्चा खोल दिया है। बीएमसी की एक टीम ने बुधवार को उपनगर खार में नवनीत राणा और उनके पति रवि राणा के घर का बीएमसी की एक टीम ने निरीक्षण किया, लेकिन अपार्टमेंट में ताला लगा हुआ था।


URGENTLY REQUIRED FEMALE STAFF

VACANCY VACANCY

ICON OPTICAL GALLERY

Urgently Required Female Staff Accountant Cum Sales Girl For Counter Sell.

Note : Must Have Computer Operating Knowledge

Contact Us : 9819292152

Shop No. 52, R.N.A. Arcade, Lokhandwala Complex, Andheri (West), Mumbai - 400 053

murtaza12152@yahoo.com

TASNEEM COLLECTION

Online Shopping Hub

Only of Ladies Bags, Kurtis, Accessories

Kitchen & Household items

Baby products

Plastic items

And much more......all under one roof

Best business apportunity for housewives to become reseller & earn at zero investment

Farida Rampurawala :
8898065152

RH 1, C 26 row house number, Swamy Ayyappam temple road, Sector. 8, New Mumbai, Vashi-400 703


स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक संपादक – मुर्तुजा मामाजीवाला के द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, युनिट नं. 4, ग्राउंड फ्लोअर, एन. के इंडस्ट्रिअल इस्टेट, ऑफ आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रिअल इस्टेट के पास, गेट नं. 2, गोरेगाव (पूर्व), मुंबई - 400063 से मुद्रित कर शिव वातुक सेना कासिम नगर नियर लक्ष्मी इस्टेट न्यू लिंक रोड, अंधेरी (प), मुंबई -400053 प्रकाशित। संपादकः मुर्तुजा मामाजीवाला मों. 9819199997

T.C. NO. MAHHIN10172 ■ ईमेल: newsicon2021@gmail.com ■ newsicon.net